शुक्रवार
7 अक्टूबर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



शर्मनाक : पढ़ाई करने की जगह एमडीएम के बर्तन धोते हैं अगरौली प्राथमिक विद्यालय के बच्चे 4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## शहर के कार्यक्रम

- चक्की, चौगाईं और चौसा प्रखंड के विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्धता के लिए बैठक का होगा आयोजन, सुबह 11 बजे।
- कलेक्ट्रेट में न्यायालय कार्यों का होगा निष्पादन, दोपहर एक बजे

## छोटी खबरें

### ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**आरा।** दानापुर पीडीडीयू रेलखंड पर कुलहड़िया स्टेशन एवं जमीरा हाल्ट के बीच आप लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से दशहरा घूमने आए पटना निवासी एक किशोर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। घटना की सूचना मिलते ही आरआरएल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया जानकारी के अनुसार मृतक पटना जिला के भगवान गंज थाना क्षेत्र के रघुनाथ चक गांव निवासी राजबल्लभ यादव का 15 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार है। वहीं घटना के संबंध में बताया जाता है की वह गुरुवार को दशहरा घूमने के लिए अपने घर से आ रहा रहा था। उसी बीच यह घटना घट गई। वही परिजन ने बताया कि जब पुलिस द्वारा उसकी तलाशी के दौरान मृत किशोर के पॉकेट से मिले डाक्यूमेंट्स के आधार पर उसकी पहचान हुई।

### छात्रा को बेलगाम ट्रक ने रौंदा, इलाज के दौरान मौत

**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के धोबी घटवा मोड़ के समीप बुधवार की देर रात बेलगाम ट्रक ने दशहरा का मेला घूमने आयी इंटर की एक छात्रा को रौंद दिया। उसमें गंभीर रूप से जख्मी छात्रा की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गयी। उसके बाद परिजनों द्वारा हो-हंगामा किया गया।?इस कारण कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गयी। तब मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी और सुरक्षाकर्मियों द्वारा उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया गया। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

# 40 लाख रुपये की 415 ग्राम हेरोईन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





गाजीपुर एसपी रोहन पी बोत्रे के नेतृत्व में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दिलदारनगर थाना क्षेत्र से 40 लाख रुपये मूल्य की 415 ग्राम अवैध हेरोईन के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि एसपी रोहन पी बोत्रे ने जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। जिसके तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी जमानियां व प्रभारी निरीक्षक दिलदारनगर के कुशल पर्यवेक्षण में टीम बनाकर सक्रिय अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं तथा अवैध शस्त्र की गिरफ्तारी व बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस क्रम में पांच अक्टूबर को गाजीपुर उ. नि. चन्द्रशंकर मिश्र को मुखबीर से सूचना मिली थी कि गाजीपुर के नगर थाना अंतर्गत नुरुद्दीन पुरा गांव निवासी मो. शमीम अहमद का बेटा फैजान अहमद के पास भारी मात्रा में हेरोइन है। फैजान को मिर्चा मोड़ के समीप देखा गया है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। जहां से फैजान के पास से 415 ग्राम हेरोईन बरामद की गई। जिसको लेकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन, वहां से फैजान अहमद का भाई सरफराज फरार होने में कामयाब हो गया। एसपी ने बताया कि सरफराज जंगीपुर थाना से 25 हजार रुपये का इनामी अपराधी है। जिसे पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। उसके ऊपर दिलदारनगर थाना में मु.अ.स. 163/22 धारा 8/21 एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीकृत कर पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, पुलिस मामले में पकड़े गए अपराधी फैजान अहमद से पूछताछ कर रही है। ताकि, पुलिस मामले में संलिप्त और भी अपराधियों को पकड़ने में कामयाब हो सके। उन्होंने बताया कि गाजीपुर पुलिस जिले के अपराधियों पर नजर बनाए रखे हैं। उनकी जरा सी चूक उनके लिए मुसिबत खड़ी कर सकती है।

# कृषि विभाग में नौ हजार पदों पर जल्द होगी बहाली : कृषि मंत्री

### विभाग में अनियमितता के सवाल पर बोले, अनियमितता रहती तो दोषी अधिकारी बचते नहीं

**केटी न्यूज/पटना**



- कृषि मंत्री का पद संभालने के बाद सर्वजीत कुमार ने की घोषणा, बोले, जरूरत पड़ी तो बढ़ेगी सीटों की संख्या
- कम बारिश के कारण किसानों के हुए नुकसान की भरपाई डीजल अनुदान से की जाएगी, इसके लिए खर्च किए जाएंगे 100 करोड़ रुपये

कृषि मंत्री का पद संभालने के बाद सर्वजीत कुमार ने घोषणा की है कि कृषि विभाग में नौ हजार पदों पर बहाली जल्द होगी। कृषि विभाग में कर्मचारियों की कमी है, इसके लिए राज्य के युवाओं को अवसर दिया जाएगा। पहले चरण में नौ हजार युवाओं की बहाली की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इसके बाद रिक्त पदों को देखा जाएगा। अगर जरूरत पड़ी तो हम सीटों की संख्या बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि विभाग में मंत्री पद पर रहते हुए हमारी प्राथमिकता किसानों की सेवा और कृषि उत्पादन को बढ़ाना होगा। इसके लिए सभी को साथ मिलकर काम करना है। इसके साथ ही कृषि मंत्री ने यह भी घोषणा की कि किसानों को डीजल अनुदान के लिए पैसे जल्द मिलेंगे। कम बारिश के कारण किसानों के हुए नुकसान की भरपाई डीजल अनुदान से की जाएगी। इसके लिए 100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

विभाग की समीक्षा के बाद लागू होंगी किसानों के कल्याण से जुड़ीं योजनाएं कृषि मंत्री ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि बिहार के किसानों को ज्यादा से ज्यादा विभाग के द्वारा मदद मिले। इसके लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। जब उनसे पूछा गया कि आप से पहले जो मंत्री थे वह कहते थे कि विभाग में अनियमितता है, इस पर उन्होंने कहा कि इसका भी हम बैठक करके समीक्षा करेंगे। लेकिन, फिलहाल हम इस बात को नहीं मानते हैं। अगर अनियमितता रहती तो कहीं ना कहीं जो भी दोषी अधिकारी हैं, वह बचते नहीं। समय-समय पर विभाग में इस तरह की जांच होती रहती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विभाग के जो सचिव हैं उनका ध्यान विभागीय कार्य पर जरूर रहता है। उन्होंने कहा कि विभाग की समीक्षा के बाद ही किसानों के कल्याण से जुड़ी जो भी योजनाएं हैं, उसे ठीक ढंग से लागू करने का काम करेंगे। विभाग की सभी कमियों को दूर किया जाएगा। गौरतलब है कि कृषि मंत्री सुधाकर सिंह के इस्तीफे के बाद सर्वजीत कुमार ने कृषि विभाग की जिम्मेदारी संभाली है। पद संभालने के बाद उन्होंने सुधाकर सिंह को लेकर पूछे सवाल पर कहा कि पुराने विवादों से उनका कोई लेना देना नहीं है। पूर्व मंत्री से भी उनका किसी तरह का कोई विवाद नहीं था। वो नए तरीके से कृषि विभाग का संचालन करें। कृषि मंत्री ने कहा कि हाल के दिनों में बिहार और कृषि विभाग के बारे में नाकारात्मक खबरें ज्यादा दिखाई जा रही हैं, इसलिए सभी मिडियाकर्मियों से आग्रह है कि अच्छे कार्यों को भी आपलोग फोकस करें। हम सबकों मिलकर बिहार के किसानों को ऊंचाई तक ले जाना है। बिहार की बनावट और जलवायु परिवर्तन दोनों चैलेंजिंग है, इसलिए हमें मिल-जुलकर बेहतर काम करने की जरूरत है।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर तेज हुआ आरोप-प्रत्यारोप का दौर

# सरकार अपनी गलतियां छिपाने के लिए जा रही सुप्रीम कोर्ट : सुशील मोदी

**केटी न्यूज पटना**

पटना हाई कोर्ट द्वारा बिहार नगर निकाय चुनाव पर रोक लगने के बाद से राज्य में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। एक तरफ भाजपा जहां सरकार पर निशाना साध रही है, वहीं जदयू ने आरोप लगाया है कि भाजपा आयोग गठन की बातें कर आरक्षण को उलझाना चाह रही है। नीतीश सरकार पर वार करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा है कि सरकार अपनी गलतियां छिपाने के लिए सुप्रीम कोर्ट जा रही है। सरकार ऐसा कर समय बर्बाद न करे। वह इस मुद्दे पर एजी और राज्य निर्वाचन आयोग का पत्र सार्वजनिक करे। सुशील मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर निकाय चुनाव कराने के फैसला के कारण चुनाव पर रोक लगी और अतिपिछड़ों का दो साल बर्बाद हुआ। इससे उम्मीदवारों के करोड़ों रुपये डूब गए। पिछड़ों को ट्रिपल टेस्ट के आधार पर आरक्षण देने के बाद ही निकाय चुनाव कराने का सुप्रीम कोर्ट का आदेश केवल महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के लिए नहीं, बल्कि बिहार सहित पूरे देश के लिए लागू होता है। निकाय चुनाव में राजनीतिक आरक्षण देने के लिए सरकार अब बिना समय गंवाए विशेष आयोग बनाये और इस मुद्दे पर सारे पत्राचार सार्वजनिक करे, ताकि सच जनता के सामने आए।



### आरक्षण खत्म करना चाहती है भाजपा : ललन सिंह

वहीं जदयू प्रदेश अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि दलित-महादलित एवं अतिपिछड़ा-पिछड़ा समाज और महिलाओं को आरक्षण देने का निर्णय 2005-06 में ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लिया था। उसके बाद ग्राम पंचायत और नगर निकायों के चुनाव में आरक्षण देने की व्यवस्था की गई थी। उस वक्त से बिहार के सभी चुनाव इसी एक्ट के आधार पर कराए जा रहे हैं। इस बार भी निकाय चुनाव इसी एक्ट के मुताबिक कराए जा रहे थे। ललन सिंह ने कहा कि भाजपा नेता जो आयोग गठन की मांग कर रहे हैं इसका बिहार से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा नेता आयोग की बात कर सिर्फ आरक्षण को उलझाने और समाप्त करना चाहते हैं। ललन सिंह ने कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि देश में आरक्षण समाप्त कर देना चाहिए। बीजेपी भी उन्हीं के विचारों पर चलती है और आरक्षण समाप्त कर देना चाहती है। बीजेपी के लोग जो आयोग गठन करने का राग अलाप रहे हैं उन्हें पता होना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट बिहार के आरक्षण एक्ट को पहले ही सही बता चुका है।

# दुष्कर्म के आरोपी युवक की पीट-पीटकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के कटिहार जिले के हसनगंज बाजार में बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी युवक को गुरुवार की सुबह पेड़ में बांध पीट-पीटकर आक्रोशित लोगों ने मार डाला। इस मामले में हसनगंज पुलिस ने दुष्कर्म पीड़िता की मां के बयान पर मृतक के खिलाफ केस दर्ज किया है। जबकि मृतक युवक की पिता के बयान पर सात से अधिक लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। हसनगंज बाजार में सुबह करीब 8 बजे आक्रोशित ग्रामीणों ने दुष्कर्म के आरोपी को खजूर पेड़ में रस्सी से बांधकर पिटाई शुरू कर दी। सूचना पर हसनगंज पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। पेड़ से बंधे युवक को जख्मी हालत में हसनगंज पीएचसी इलाज के लिए ले जाया गया। जहां से रेफर करने के बाद सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में युवक की मौत हो गई। उसके बाद हसनगंज बाजार में लोगों की भीड़ जुट गई। लोग तरह-तरह की चर्चा करने लगे। स्थिति तनावपूर्ण होने पर आसपास के थाना की पुलिस को भी बुलाया गया और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा कि परिजन आक्रोशित हो गये। हसनगंज बाजार में शव को रखकर हत्या के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। लोगों का कहना था कि थाना से महज 300 मीटर की दूरी पर लोग युवक को बंधक बनाने के बाद उसे पेड़ में बांधकर करीब एक घंटा तक मारपीट करते रहे और पुलिस थाना में बैठी रही।

# बायोमेट्रिक अटेंडेंस और 11 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर डॉक्टर

**केटी न्यूज/पटना**

बायोमेट्रिक अटेंडेंस और 11 सूत्री मांगों को लेकर राज्य भर के डॉक्टर हड़ताल पर चले गए हैं। बिहार स्वास्थ्य संघ की ओर से हड़ताल का आवाह्न किया गया है। इसके कारण राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं ठप रहीं। बिहार स्वास्थ्य संघ के महासचिव डॉ रंजीत कुमार ने बताया कि राज्यभर के चिकित्सक ओपीडी का बहिष्कार कर रहे हैं लेकिन इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवा बहाल रहेगी। डॉक्टरों के हड़ताल जाने की की सूचना स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को दी गयी है। इसके साथ ही, सभी जिलों के सिविल सर्जन को भी इसकी जानकारी दे दी गयी है। हड़ताल के कारण सभी सरकारी अस्पताल में मरीजों को इलाज के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। संघ के द्वारा कहा गया है कि बीते दिनों हड़ताल के बाद सरकार के द्वारा आश्वासन दिया था कि सभी मामलों सुनवाई होगी। अभी तक सरकार के द्वारा कोई फैसला नहीं लिया गया है। बिहार स्वास्थ्य संघ के महासचिव डॉ रंजीत कुमार ने बताया कि हड़ताल का फैसला संघ की बैठक में लिया गया है. गुरुवार को हड़ताल सांकेतिक है। संघ की मांग है कि हमारे द्वारा दी गयी 11 सूत्री मागों को सरकार तुंरत मानें। सरकार अगर हमारी मांगों को नहीं मानती है तो राज्य भर के चिकित्सक अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। बता दें कि चिकित्सक बायोमेट्रिक अटेंडेंस का विरोध कर रहे हैं। इसके साथ ही, चिकित्सक अस्पतालों में डॉक्टरों के साथ लगातार हो रही मारपीट से सुरक्षा की भी मांग कर रहे हैं। इससे पहले पिछली सप्ताह में भी जूनियर डॉक्टरों ने मारपीट के खिलाफ पांच दिनों तक हड़ताल किया था।

# 247 आशाओं के आश्रितों को मिलेगा चार लाख रु. का अनुदान

- आशा कार्यकताओं की सेवा अवधि में हुई थी मृत्यु
- 34 जिले की आशा कार्यकर्ता के आश्रित हैं शामिल
- 9.88 करोड़ रुपये निर्गत, जिलों को भेजी गई राशि



**केटी न्यूज/पटना**

सेवा अवधि के दौरान निधन होने वाली संविदा पर कार्यरत 247 आशा कार्यकताओं के निकटतम आश्रितों को राज्य सरकार की तरफ से 4-4 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। प्रदेश के 38 में से 34 जिले की आशा कार्यकर्ता के आश्रितों को मुआवजा जल्द ही मिलेगा। राज्य सरकार ने 9.88 करोड़ राशि की स्वीकृत प्रदान कर दी है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलों को राशि भेज दी गई है।

**वर्ष 2016 में राज्य सरकार ने की थी अनुदान देने की घोषणा:**

विदित हो कि राज्य सरकार ने वर्ष 2016 में स्वास्थ्य विभाग के अधीन काम करने वाली आशा की सेवा अवधि के दौरान अगर मृत्यु होने पर उनके निकटतम आश्रित को अनुग्रह अनुदान के रूप में चार लाख रुपया देने की घोषणा की थी। उसी के आलोक में प्रत्येक वर्ष सेवा के दौरान मृत्यु होने वाली आशा कार्यकर्ता के निकटम आश्रितों को सरकार की तरफ से अनुग्रह अनुदान दिया जाता है। विभाग द्वारा सभी जिलों के सिविल सर्जन को सेवा की अवधि के दौरान मृत्यु होने वाली आशा कार्यकताओं की जानकारी मांगी जाती है। 34 जिलों से 247 मृत्य आशा कार्यकताओं के आश्रितों की तरफ से मुआवजा के लिए आवेदन दिए गए।

**वैशाली जिले को सबसे अधिक मिला अनुदान :** कटिहार - 20 लाख, कैमूर- 4 लाख, मधुबनी- 32 लाख, पश्चिम चम्पारण- 28 लाख, मुजफ्फरपुर- 20, पटना- 48 लाख, पूर्णिया- 36 लाख, सीतामढ़ी - 40 लाख, सारण- 56 लाख, वैशाली- 84 लाख, नवादा 20 लाख, गया 28 लाख, लखीसराय- 4 लाख, बांका 32 लाख, भागलपुर- 12 लाख, जमुई-20 लाख, शेखपुरा- 4 लाख, शिवहर-4 लाख, बक्सर-16 लाख, भोजपुर- 32 लाख, नालंदा- 24 लाख, औरंगाबाद -36 लाख, जहानाबाद - 8 लाख, बेगूसराय-44 लाख, खगड़िया- 36 लाख, गोपालगंज- 28 लाख, सिवान- 48 लाख, मधेपुरा -24 लाख, समस्तीपुर- 40 लाख, दरभंगा-24 लाख, अररिया-28 लाख, किशनगंज-4 लाख, पूर्वी चंपारण- 56 लाख रुपए दिए गए।

# जगदानंद सिंह के राजद प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ने की चर्चा, आज लालू से मिलेंगे

- सुधाकर सिंह के इस्तीफे के बाद से लग रहे जगदानंद की नाराजगी के कयास

**केटी न्यूज/पटना**

कृषि मंत्री सुधाकर सिंह के इस्तीफे के बाद राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के भी पार्टी पद छोड़े जाने की चर्चा तेज हो गई है। गुरुवार को राजनीतिक गलियारे में पूरे दिन उनके इस्तीफा देने के कयास लगते रहे। चर्चा यह है कि जल्द ही वे पार्टी का पद छोड़ सकते हैं। जगदानंद सिंह आरजेडी की राष्ट्रीय परिषद मीटिंग के लिए दिल्ली जा रहे हैं, जहां वे लालू प्रसाद से मिलेंगे। हालांकि इतना तो तय है कि लालू के जमाने के नेता व मित्र रहे जगदानंद सिंह को नीतीश कुमार का साथ रास नहीं आ रहा। कहा जा रहा कि नीतीश के साथ सरकार बनानो जगदानंद सिंह को पसंद नहीं था लेकिन लालू ने इसके लिए उन्हें राजी किया। प्रदेश राजद अध्यक्ष जगदानंद सिंह इस बात से भड़के हुए हैं कि उनके बेटे सुधाकर सिंह ने जब इस्तीफा दिया तो पार्टी नेतृत्व ने सुधाकर से बात करने इसका समाधान निकालने के बजाय तुरंत उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया।

## शहर छोटी खबरें

### झपट्टा मार भाग रहे दो बदमाश गिरफ्तार

केटी न्यूज/आरा
जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कौरा गांव स्थित दुर्गा पूजा पंडाल के पास पुलिस व पब्लिक की मदद से झपट्टा मार गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। मेला घूमने आये बाइक सवार एक शख्स का बैग छीन कर भाग रहे दोनों बदमाशों को मौके पर धरदबोचा गया। गिरफ्तार बदमाशों में पंकज कुमार और पप्पू कुमार हैं। दोनों उदवंतनगर थाना क्षेत्र के महतवनिया गांव के रहने वाले हैं। इनके पास से छीना गया पैसे वाला बैग और घटना में इस्तेमाल बाइक भी बरामद की गयी है। एएसपी हिमांशु ने बताया कि सोमवार को कौरा गांव स्थित पूजा पंडाल के पास बाइक सवार दो बदमाश एक शख्स का बैग झपट्टा मा छीन लिया और भागने लगे। सूचना मिलते ही गश्ती दल द्वारा दोनों का पीछा किया गया। उस दौरान पब्लिक की मदद से दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। गश्ती टीम में दारोगा रवि कुमार गुप्ता, सिपाही सुरेंद्र कुमार सिंह, होमगार्ड दिनेश्वर सिंह और वृज बिहारी सिंह शामिल थे। एएसपी की ओर से टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी है।

### हथियार के साथ घूम रहे दो बदमाश पकड़ाए, दो फरार

**आरा।** जिले के उदवंतनगर थाने की पुलिस ने बीती रात हथियार के साथ घूम रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से एक देसी कट्टा, एक गोली, एक बाइक और 16 सौ रुपये बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के रघुनीपुर गांव निवासी मुकेश कुमार और अमरजीत कुमार हैं। हालांकि पुलिस को देख बाइक पर सवार दो बदमाश भाग गये। पुलिस के अनुसार दोनों आपराधिक वारदात को अंजाम देने व दबंगई दिखाने के लिए हथियार लेकर घूम रहे थे। एएसपी हिमांशु ने बताया कि रविवार की रात करीब 12 बजे थानाध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में टीम गश्ती कर रही थी। तभी तेतरियां मोड़ के पास एक ही बाइक पर चार लोगों को आते देखा गया। पुलिस ने बाइक को रोकने का इशारा किया, तो दो युवक बाइक से कूद कर भाग गये। जबकि दो को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान इनके पास से हथियार और गोली बरामद की गयी। पूछताछ में दोनों ने फरार अपने दोनों साथियों के नाम भी बताया।

# राज्य सरकार के फैसले से पेशोपेश में पड़े निकाय चुनाव के प्रत्याशी

**केटी न्यूज/अनिल**



- सुप्रीम कोर्ट में अपील से निकाय चुनाव लंबा खींचने की है आशंका
- विजयदशमी की शुभकामना से सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों ने की एंट्री

नगर परिषद डुमरांव के लिए चुनाव मजाक से कम नहीं है। पिछले 6 महीने से प्रत्याशी मैदान में अपनी ताल ठोक रहे हैं। जबकि राज्य निर्वाचन आयोग से ना तो अधिसूचना जारी हुई है और ना ही चुनाव की तिथि घोषित हुई। राज्य निर्वाचन आयोग ने जैसे ही घोषणा की कि चेयरमैन तथा उप चेयरमैन का चुनाव सीधे जनता करेगी तभी से प्रत्याशी क्षेत्र में घूम कर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। पहले डुमराव नगर परिषद में चेयरमैन और उप चेयरमैन सामान्य कोटि से होने की उम्मीद लेकर प्रत्याशियों ने खूब जनसंपर्क किया। पर्व त्योहारों पर बड़े-बड़े पोस्टर और होर्डिंग लगाकर अपना चेहरा चमकाया। फिर यह हवा उठी की पिछले बार की तरह इस बार भी चेयरमैन का पद महिला आरक्षित होगा तो भावी प्रत्याशियों ने अपनी पत्नी मां या फिर घर के अन्य महिला सदस्य को मैदान में लाया। उनके पोस्टर बैनर भी रेलवे स्टेशन बीच बाजार नुक्कड़ तथा चौराहे पर लगाया गया। कई प्रत्याशियों की तो बड़ी धनराशि खर्च हो चुकी थी। इसी बीच डुमरांव नगर परिषद का चेयरमैन और उप चेयरमैन का पद अति पिछड़ा के लिए आरक्षित कर दिया गया। सामान्य कोटि के प्रत्याशी मन मसोसकर घर बैठ गए। जिनको नगर परिषद के मलाई का स्वाद मालूम है वह शतरंज की चाल चलते हुए पर्दे के पीछे से नगर परिषद के राजनीति के लगाम को अपने हाथ में रखने के लिए अति पिछड़ा वर्ग से प्रत्याशी तलाश लिए। खुद खर्चा के अलावे प्रचार का कमान संभाल लिया। जमकर प्रचार होने लगा। इसी बीच हाई कोर्ट ने यह फैसला सुना दिया कि अति पिछड़ा वर्ग को दिया गया आरक्षण खत्म किया जाता है। बड़ी समस्या की शुरूआत यहीं से होती है।

**दिसंबर के बाद हो सकता है। निकाय चुनावः** निकाय चुनाव के प्रत्याशी पशोपेश में पड़े हैं। समझ में नहीं आता कि करें क्या। राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद सामान्य कोटि के लोग भी मैदान में उतरने के लिए कमर कस रहे हैं। चुनाव की तिथि की घोषणा हुई नहीं है। पिछले 6 महीना से चुनाव के नाम पर जेब ढीला कर रहे प्रत्याशी अब हवा में पैसा खर्च करने को तैयार नहीं है। इसी बीच राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का घोषणा कर दी है। प्रत्याशियों को इस बात का भय सता रहा है कि अब निकाय चुनाव दिसंबर के बाद हो सकता है। राजगढ़ चौक की बैठकबाजी में कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट निश्चित रूप से फैसला राज्य सरकार के पक्ष में देगा और निकाय चुनाव में अति पिछड़ा वर्ग का आरक्षण जारी रहेगा। इस संभावना से सामान्य कोटि के प्रत्याशियों की चिंता बढ़ रही है। हालांकि सामान्य कोटि के प्रत्याशियों ने विजयदशमी की शुभकामना संदेश के साथ चुनावी मैदान में अपनी एंट्री कर ली है।

# दोस्तों के साथ पार्टी मना रहे प्रॉपर्टी डीलर की गोली मार हत्या, हंगामा व रोड जाम

## हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आरा-पटना रोड जाम

- पार्टी में केक काटने के दौरान काफी नजदीक से मारी गयी चार गोलियां
- घटनास्थल से चार खोखे और शराब की खाली चार बोतल सहित अन्य सामान मिला

**केटी न्यूज/आरा**



### पत्नी बोली, धोखे से बुलाकर दोस्तों ने की हत्या

जवाहर टोला निवासी जीतेंद्र कुमार उर्फ केबी के परिजन उसके दोस्तों पर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। पत्नी का कहना है कि दोस्तों द्वारा बर्थडे के बहाने धोखे से बुला साजिश के तहत हत्या की गयी है। कहा कि किसी की बर्थडे नहीं, बल्कि हत्या करने के लिए बहाना बनाया गया था। उसके नाम पर छोटा सा केक रखा गया था। कहा था कि उनका दोस्तों के साथ कुछ विवाद था। उसी विवाद को लेकर हत्या की गयी है।

आरा के टाउन थाना अंतर्गत शिवपुर-आनंद नगर मोहल्ले में बुधवार की रात दोस्तों के साथ पार्टी मना रहे प्रॉपर्टी डीलर की गोली मार हत्या कर दी गई। केक काटने के दौरान उसे नजदीक से चार गोलियां मार दी गईं। गर्दन और सिर के आसपास गोली लगने से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के दौरान भी उसके शरीर से एक बुलेट मिलने की बात कही जा रही है। छानबीन के दौरान पुलिस को घटनास्थल से चार खोखे शराब की पांच खाली बोतल व केक सहित खाने-पीने का कुछ अन्य सामान भी मिला है। मृतक नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला निवासी शिवबालक प्रसाद का 38 वर्षीय पुत्र जीतेंद्र कुमार उर्फ केबी था। उसका पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। फिलहाल वह जमीन की खरीद-बिक्री और ठेकेदारी के धंधे से जुड़ा था। हालांकि हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। वैसे उसके परिजन दोस्तों पर ही साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं हत्या से आक्रोशित लोग गुरुवार की सुबह सड़क पर उतर गये। हत्या में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जवाहर टोला के पास आरा-पटना हाईवे जाम कर दिया गया। इससे करीब घंटे भर आवागमन बाधित रहा। इधर, जीतेंद्र की हत्या से शहर में सनसनी मच गई। सूचना मिलने पर एएसपी हिमांशु रात में ही टाउन थानाध्यक्ष अनिल सिंह, नवादा थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह और डीआईयू के अफसरों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने परिजनों से भी पूछताछ कर घटना की पूरी जानकारी ली।

इधर, प्रॉपर्टी डीलर की साली ने हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। उसने पुलिस पर उम्मीद व भरोसा जताते हुए अबतक किसी अपराधी की गिरफ्तारी नहीं होने रोष भी प्रकट किया। कहा कि सभी अपराधियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

### मलखान सिंह के घर में रखी गयी थी पार्टी

बताया जा रहा है कि जीतेंद्र प्रसाद उर्फ केबी को बुधवार की रात किसी द्वारा फोन पर एक दोस्त की बर्थडे पार्टी में बुलाया गया था। उसके बाद वह अपने एक करीबी मित्र के साथ पार्टी में गया था। बताया जा रहा है कि वह किसी गोलू नाम के एक दोस्त के बर्थडे की पार्टी में गया था। पार्टी शिवपुर-आनंद नगर मोहल्ला निवासी मलखान सिंह के घर में रखी गयी थी। केक कटने के बाद जीतेंद्र उर्फ केबी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गयी। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद सभी दोस्त शव छोड़कर फरार हो गये। बाद में पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### कमरे में शराब की पांच-छह बोतलें खाली पड़ी थीं

बताया जा रहा है कि दशहरा की रात शिवपुर-आनंद नगर मोहल्ले के किसी मलखान सिंह के घर में पार्टी रखी गयी थी। बर्थडे के नाम पर पार्टी में शराब और कबाब परोसी जा रही थी। हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस घटनास्थल का नजारा देख दंग रह गयी थी। बताया जा रहा है कि पुलिस पहुंची, तो कमरे में शराब की पांच-छह बोतलें खाली पड़ी थी। कुर्सी पर एक छोटा सा कटा हुआ केक भी रखा था। बर्तन में मटन और चावल भी पड़ा था। वहीं कुर्सी के बगल में प्रॉपर्टी डीलर का खून से लथपथ शव पड़ा था। इससे केक काटने के बाद गोली मारे जाने का अंदेशा लगाया जा रहा है। उसके बाद सभी भाग गये।

# हत्या की साजिश रचते पकड़ा गया मर्डर का कांट्रैक्ट किलर

### मीरगंज फायरिंग कांड में भी पुलिस को थी चौरी इलाके के विक्की की तलाश

**केटी न्यूज/आरा**



जानकारी देते एएसपी हिमांशु व अन्य

जिले के कोईलवर थाना अंतर्गत सकड्डी-सोनघट्टा रोड में गीधा गांव निवासी युवक की हत्या में गिरफ्तार बदमाश विक्की सिंह कंट्रैक्ट किलर निकला। उसे रविवार की रात एक शख्स की हत्या की साजिश रचते गड़हनी इलाके से पकड़ा गया था। शहर के मीरगंज फायरिंग भी उसकी तलाश थी। पूछताछ में उसने दोनों अपना गुनाह कबूल कर लिया है। एएसपी हिमांशु ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में गीधा गांव निवासी आर्यन राज उर्फ मनीष उर्फ चाइनीज की हत्या का खुलासा करते हुए इस बात की जानकारी दी गयी।? उन्होंने बताया कि गत 25 सितंबर की रात आर्यन राज उर्फ मनीष कुमार उर्फ चाइनीज की हत्या की गयी थी। उसके बाद एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से गठित विशेष टीम द्वारा तकनीकी जांच और लोकल इनपुट के आधार पर हत्या में शामिल विक्की सिंह सहित अन्य की पहचान की गयी। इस बीच रविवार की रात सूचना मिली कि विक्की सिंह गड़हनी थान क्षेत्र में साथियों संग किसी की हत्या की साजिश कर रहा है। उस आधार पर टीम छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एएसपी ने बताया कि विक्की सिंह का मुख्य पेशा पैसे लेकर हत्या करना और रंगदारी वसूलना है।नगर थाना क्षेत्र के मीरगंज गोलीकांड में भी वह शामिल था। उसके आपराधिक रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। उसे रिमांड पर लेकर भी पूछताछ की जायेगी। टीम में एएसपी हिमांशु, डीआईयू इंचार्ज शंभू भगत, कोईलवर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, दारोगा मनीष कुमार, डीआईयू के दारोगा अवधेश कुमार, संजय कुमार सिन्हा और कुमार रजनीकांत शामिल थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुरी तरह जख्मी युवक की मौत

**आरा।** जिला मुख्यालय स्थित आरा रेलवे स्टेशन के समीप बहिरो गांव स्थित रेलवे ट्रैक के पास बुधवार की दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। मृतक बहिरो गांव निवासी बिंदेश्वरी पासवान का 25 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार था। उसके भाई रंजीत पासवान ने बताया कि वह बुधवार की दोपहर पूर्वी गुमटी के समीप खाने-पीने का कुछ सामान लाने गया था। घर लौटने के दौरान वह बहिरो गांव स्थित रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। उसी दौरान वह पटना की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

## एक नजर

### मेले में लिट्टी खाने के बाद बिगड़ी बाप-बेटे की तबीयत, अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत



**अरवल।** जिले में नवरात्र इस बार कई घरों के लिए दुःखों का पहड़ खड़ा कर गया। जहां अलग अलग कारणों से कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी। वहीं, कई लोग बीमरी भी पड़ गए, जो इलाजरत हैं। ऐसी ही एक घटना जिले के रामपुर चौरम थाना क्षेत्र के इटावा में घटित हुई। जहां विषाक्त भोजन खाने से पिता पुत्र की मौत हो गई। वहीं, दर्जनों लोग विषाक्त भोजन खाने से उल्टी, सांस लेने में दिक्कत की परेशानी लेकर सदर अस्पताल में पहुंचे। मंगलवार की देर रात से सदर अस्पताल में विषाक्त भोजन खाने से बीमार लोग आने लगे बुधवार सुबह 10 बजे तक उनकी संख्या 26 हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रामपुर चौरम थाना क्षेत्र के इटावा गांव निवासी 45 वर्षीय लालबाबू बिंद की मौत उनके घर पर हो गई। वहीं, उनके 8 वर्षीय बेटे गौतम कुमार की जान इलाज के दौरान चली गई। परिजनों ने बताया कि पिता पुत्र मंगलवार को ओलदाज बाजार में नवमी मेला देखने गए थे। जहां उन्होंने छना हुआ लिट्टी खाया था। रात में दोनों को तबीयत बिगड़ने लगी। जिसके बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया। लेकिन, रास्ते में ही लालबाबू बिंद की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। दूसरी ओर, जिले के करपी प्रखंड के रोहाई गांव में दुर्गा पूजा मेले में छना हुआ ब्रेड, जिलेबी आदि खाने से खेदरु बीघा, गाजीपुर, गुलाब सिंह के इंग्लिश, बारा, रिहाई सहित आसपास के आधा दर्जन गांव के 14 बच्चे सहित 26 लोग सदर अस्पताल में उल्टी और सांस लेने की समस्या को लेकर भर्ती हैं। जानकारी के अनुसार अरवल तथा करपी प्रखंड के दर्जनों गांव में कई लोग विषाक्त भोजन के शिकार हो गए हैं और निजी क्लिनिक में अपना इलाज करा रहे हैं। अस्पताल उपाधीक्षक रमन आर्यभट्ट ने बताया कि बच्चे की मौत अस्पताल में हुई है। उसे सांस लेने में काफी समस्या हो रही थी। वहीं, फूड प्वाइजनिंग के शिकार होकर अस्पताल में आए मरीजों में अधिकतर बच्चे हैं।

### पिता की मौत की खबर सुनकर मायके जा रही बेटी की सड़क हादसे में चली गई जान

**जहानाबाद।** हुलासगंज-जहानाबाद रोड लक्ष्मी नारायण मंदिर हुलासगंज के समीप बाइक दुघर्टना में महिला की मौत हो गई। घटना हुलासगंज थाना क्षेत्र इलाके में हुई। जब मृत महिला पिता की मौत की खबर सुनकर अपने ससुराल कटौली से भतीजे के साथ मोटरसाइकिल से मायके केऊर जा रही थी। उसी दौरान जाने के क्रम में लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप रोड में ठोकर एवं गड्ढा रहने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। महिला पूरी तरह से जख्मी हो गई आम लोगों के द्वारा सरकारी हॉस्पिटल में एंबुलेंस के लिए फोन से संपर्क किया गया एंबुलेंस नहीं आने के कारण लोगों ने टेंपू पर लादकर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुलासगंज में इलाज के लिए लाया गया। प्राथमिक इलाज करने के बाद सदर अस्पताल जहानाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल से प्रारंभिक इलाज के बाद पीएमसीएच पटना भेज गया जहां उसे इलाज के क्रम में मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर कटोली एवं केऊर गांव में मातम छा गया।

### एसिड अटैककांड मामले में एसपी बोले, आपसी विवाद में आरोपियों ने दिया था घटना को अंजाम

**सासाराम।** बिक्रमगंज में बुधवार रात को हुए एसिड अटैक कांड के अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी बिक्रमगंज के शिवपुर गांव से हुई। घटना आपसी विवाद के कारण आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी आशीष भारती ने बताया कि मामले में एसडीपीओ, बिक्रमगंज के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। विशेष टीम के द्वारा अनुसंधान के क्रम में यह ज्ञात हुआ कि उक्त गांव के ही अभियुक्त के द्वारा घटना कारित किया गया है। अनुसंधान में यह भी पता चला कि पीड़िता से आपसी विवाद के कारण अभियुक्त सुमन्त साह पिता रामलाल साह के द्वारा घटना कारित किया गया है। अभियुक्त के द्वारा षडयंत्र के तहत पहले बैट्री में से एसिड निकालकर उसमें मार्केट से बैट्री का पानी लाकर बैट्री में मिला दिया तथा उक्त का उपयोग कर घटना को अंजाम दिया गया। घटना को अंजाम देने वाला अभियुक्त सुमन्त साह, पिता.रामलाल साह शिवपुर थाना बिक्रमगंज जिला रोहतास को थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव से गिरफ्तार किया गया है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

**सासाराम।** नासरीगंज-डेहरी रोड पर बुधवार शाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई। जिले के दरिहट थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने गुरुवार सुबह शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिले के दाउदनगर निवासी राणा प्रताप पुलिस कर्मी अखिलेश पासवान का बेटा बताया जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राणा प्रताप नासरीगंज से डेहरी की तरफ आ रहा था। इस क्रम में एक ईंट लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर बाइक को ओवरटेक करने लगा और उसने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाद बाइक सवार सड़क पर गिर बुरी तरह घायल हो गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन को छोड़ के भाग गया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, डेहरी पहुंचाया गया, तथा घायल की पहचान कर उसके परिजनों को सूचना दी। मौत के बाद मुतक के परिजनों का रो-रोक बुरा हाल। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में ट्रैक्टर को जब्त करते हुए अज्ञात चालक पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## नवजात शिशुओं के माता-पिता के चेहरे पर खुशी देख गौरवान्वित होती हैं एसएनसीयू में कार्यरत नर्स

# विदुषी लता व कंचन कुमारी मां से बढ़कर निभाती हैं दायित्व

**केटी न्यूज/सासाराम**



एसएनसीयू में बच्चे की देखभाल करती नर्स

चिकित्सकीय सहायता प्रदान करने में जितना महत्व एक मुख्य चिकित्सक का होता है, उतना ही स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत नर्स, एएनएम व जीएनएम आदि की भूमिका भी होती है। उनके अथक प्रयास से ही अस्पताल में भर्ती मरीज जल्द स्वस्थ होकर अपने घर लौटते हैं, क्योंकि अस्पताल में भर्ती होने के बाद डॉक्टर के उपचार के बाद नर्स, एएनएम और जीएनएम ही इनकी पूर्ण रूप से देखभाल करती हैं। वहीं एसएनसीयू की बात करें तो नर्स एसएनसीयू में भर्ती नवजातों के लिए एक मां से भी ज्यादा दायित्व निभाती हैं। नाजुक हालत में जब नवजात एसएनसीयू में भर्ती होते हैं तो मुख्य चिकित्सक के बाद सारी जिम्मेवारी एक नर्स की हो जाती और वह नर्स नवजातों के लिए मां की भूमिका निभाती हैं। सासाराम के सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू में वर्ष 2014 से ही कार्यरत जीएनएम कुमारी बिदुषी लता एवं एएनएम कंचन कुमारी अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए एसएनसीयू में नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल करते हुए उन्हें स्वस्थ्य बनाने का प्रयास कर रही हैं।

**पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों को करती हैं पूरा :** एसएनसीयू में कार्यरत कुमारी विदुषी लता ने बताया कि वह वर्ष 2014 से इस एसएनसीयू में काम कर रही और गंभीर हालत में एसएनसीयू में भर्ती बच्चों की देखभाल पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करती हैं। उन्होंने बताया कि यहां पर अधिकांश गरीब तबके के लोग अपने बच्चों को भर्ती करने आते हैं। एक मां के लिए उसका बच्चा कितना मायने रखता यह हमें बखूबी पता है। उन्होंने बताया कि कभी-कभी कुछ नवजात इस हालत में आते हैं कि उसकी जिंदगी के बारे में कहना बड़ा कठिन होता और उम्मीद खो चुके माता पिता एसएनसीयू में एक उम्मीद की किरण लेकर आते हैं । मुख्य चिकित्सकों का इलाज और हम लोगों द्वारा 24 घंटे निगरानी की वजह से बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ होकर यहां से जाता है। बच्चे के माता पिता के चेहरे पर मुस्कान देख कर अपने कर्तव्यों के प्रति हम लोग खुद गौरवान्वित महसूस करते हैं।

**कोरोना काल ने दिया नया अनुभव :** सदर अस्पताल सासाराम के एसएनसीयू में ही कार्यरत एएनएम कंचन कुमारी भी नवजात शिशुओं के माता पिता के चेहरे पर मुस्कान ला कर खुद को गौरवान्वित महसूस करती हैं। उन्होंने बताया कि जब एक मां रोते हुए अपने नवजात को लेकर आती और यहां से खुशी खुशी जब अपने बच्चे को लेकर जाती तो उस समय उन्हें जो खुशी मिलती है, उसे व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में नवजातों की जिंदगी बचाने की जो जिम्मेवारी मिली वो जिंदगी का एक बेहतरीन अनुभव रहा। क्योंकि संक्रमणकाल में खुद से ज्यादा बच्चों को संक्रमण से बचाने की जिम्मेवारी थी। उस जिम्मेवारी को बेहतर तरीके से निर्वाह किया गया।

केशव टाइम्स
बक्सर, 7 अक्टूबर 2022



## शहर छोटी खबरें

### न्यूरों चिकित्सक शिविर में मरीजों की मुफ्त जांच

**डुमरांव।** वाराणसी के चर्चित न्यूरों चिकित्सक डा पंकज कुमार सिंह 13 अक्टूबर को मुफ्त स्वास्थ शिविर में क्षेत्र के न्यूरों व साइकों मरीजों की जांच व इलाज करेंगे। डुमरांव स्टेशन रोड के पाल कटरा स्थित निदान केन्द्र में उनका शिविर पूरे दिन आयोजित होगा। जिसमें वे न्यूरों तथा मानसिक रोगियों की जांच कर उन्हें जरूरी चिकित्सकीय सलाह देंगे। अस्पताल संचालक अक्षय कुमार ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए लोगों को इसकी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस शिविर के आयोजन से न्यूरों मरीजों तथा उनके परिजनों में खुशी व्याप्त है। अक्षय ने बताया कि अस्पताल द्वारा अभी से ही इस शिविर की तैयारी व प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

### बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान है उपभोक्ता

**डुमरांव।** पिछले कुछ दिनों से बिजली की अनियमित आपूर्ति उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबव बनी हुई है। जानकारों का कहना है कि कमजोर ट्रांसफार्मर व जर्जर उपकरणों के कारण लोकल फाल्ट बढ़ गया है। जिह कारण हर कुछ समय के बाद बिजली आपूर्ति बाधित करनी पड़ती है। कंपनी सूत्रों की मानें तो मानव बल की कमी से भी छोटे से लोकल फाल्टों से निजात पाने में भी घंटो का समय लग जा रहा है। जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। इसको ले उपभोक्ताओं का आक्रोश बढ़ते जा रहा है।

### सिमरी में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन, तैनात रही पुलिस

**सिमरी।** दशहरा के समापन के बाद गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पूजा समितियों द्वारा पंडालों में स्थापित करवाए गए मां दुर्गा के प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। पूजा समितियों द्वारा विसर्जन जुलूश शोभायात्रा के रूप में निकाला गया। इसके बाद पवित्र गंगा नदी में प्रतिमाओं को विसर्जित कर दिया गया। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का यह क्रम देर शाम तक जारी रहा। बैंडबाजों से सुसज्जित शोभायात्राओं में दुर्गा प्रतिमाओं को मिनी ट्रक तथा ट्रैक्टर ट्रालियों पर स्थापित किया गया था। रास्ते में महिला और पुरूष श्रद्धालुओं ने गुलाल वर्षा तथा नृत्य करते हुए चल रहे थे।

# रावण का वध होते ही जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा बक्सर का किला मैदान

- मौसम खराब होने के बावजूद आकर्षक व शानदार आतिशबाजी का हुआ प्रदर्शन

**केटी न्यूज/बक्सर**

श्री रामलीला समिति, बक्सर के तत्वावधान में किला मैदान स्थित विशाल मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के दौरान 18वें दिन बुधवार को 'रावण वध' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा रामलीला मैदान श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रामअवतार पांडेय एवं संचालन समिति के सचिव बैकुंठनाथ शर्मा ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष सुरेश संगम एवं मीडिया प्रभारी हरिशंकर गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार की शाम 5:45 बजे किला मैदान में रावण के 45 फीट उंचे विशालकाय पुतले के नाभि कमल स्थित श्री राम के बाण प्रहार होते ही रावण धराशायी हो जाता है। रावण का विशाल पुतला कलात्मक आतिशबाजी के साथ धू धू कर जल उठता है चारों तरफ जय श्री राम की उद्घोषणा होती है। इसके पहले 40 फीट के मेघनाथ के विशालकाय पुतले का दहन



5:30 पर होता है। मौसम खराब होने के बावजूद भी आकर्षक व शानदार आतिशबाजी का प्रदर्शन हुआ। मौसम बदलते रूप को देखते हुए रामलीला समिति द्वारा वाटर प्रूफ पुतले का निर्माण करवाया गया था। इसके पूर्व में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा प्रसंग मंचित करते हुए दिखाया गया कि युद्ध क्षेत्र में कुम्भकरण के आने से वानर सेना में हाहाकार मच गया। तब प्रभु के बाणों ने क्षण मात्र में भयानक राक्षसों को मार गिराया। कुंभकरण क्रोध में भरकर दौड़ा और श्रीराम के बाणों से कुंभकरण मारा गया। कुम्भकरण के मरने का समाचार सुनकर रावण अधीर हो उठा।

### विभीषण ने श्रीराम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत है

रावण ने मेघनाद को पुनः युद्ध क्षेत्र में भेजा जहां उसका सामना लक्ष्मण से हुआ। लेकिन, इस बार लक्ष्मण ने मेघनाथ का वध कर दिया। मेघनाथ के वध का समाचार सुन रावण स्वयं युद्ध करने निकल पड़ा। राम और रावण के बीच भीषण युद्ध हुआ। रावण मरने के बाद बार-बार जीवित हो उठता है, तब विभीषण ने राम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत है। तब राम अग्नि बाण का प्रयोग कर रावण का अंत करते हैं। 'डोली भूमि गिरत दसकंधर। छुभित सिंधु सरि दिग्गज भूधर॥ धरनि परेउ द्वौ खंड बढ़ाई। चापि भालु मर्कट समुदाई।।'रावण का अंत होते ही पूरे ब्रह्मांड में जय श्रीराम की ध्वनि गूंजने लगी। श्रीराम जी रावण का वध करते हुए धर्म का राज्य स्थापित करते हैं। उक्त कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के अलावे प्रतिष्ठित समाजसेवी, जिला प्रशासन के सभी आला पदाधिकारी एवं समिति के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खुटहां पंचायत के पूर्व मुखिया को अपराधियों ने मारी 20 गोली, मौत

## मझरियां गांव की घटना, गोली लगने से भाई और भतीजा भी जख्मी, भूमि विवाद का मामला

- डॉक्टरों के अनुसार उनके शरीर में 20 से 25 गोली और छर्रे निकले

**केटी न्यूज/बक्सर**

नई सरकार में अपराधी अपने पुराने तेवर में आ गए हैं। बीती रात बढ़े मनोबल के अपराधियों ने एक मुखिया प्रतिनिधि को गोलियों से छलनी कर दिया है। जिनका इलाज के लिए ले जाए जाने के दौरान मौत हो गई। गोलीबारी में उनके एक चचेरे भाई और भतीजा भी गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। सदर अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित किए जाने के बाद गांव में तनाव व्याप्त है। इधर पुलिस रात से ही इलाके की नाकेबंदी कर हमलावरों की गिरफ्तारी में जुट गई है। मृतक धर्मेंद्र कुमार सिंह उम्र 38 वर्ष औद्योगिक थाना क्षेत्र के



इलाजरत घायल व मृतक पूर्व मुखिया का फाईल फोटो

खुंटहा पंचायत अंतर्गत मझरिया गांव के रहने वाले हैं।

जबकि जख्मी लोगों में उनके एक चचेरे भाई सरोज सिंह 48 वर्ष और भतीजा अजय सिंह 26 वर्ष शामिल है। घटना को बुधवार की रात दस बजे उनके घर से थोड़ी दूर पर ही अंजाम दिया गया। उनका इलाज करने वाले डॉक्टरों की मानें तो उनके शरीर में 20 से 25 गोली और छर्रे मिले हैं। जबकि सरोज सिंह के कमर और स्पाइनल के पास तथा अजय सिंह के जांघ में गोली लगी है। गंभीर अवस्था में इन दोनों का इलाज किया जा रहा है। मामला भूमि विवाद से जुड़ा है।

**छह वर्ष पहले भाई को भी मारी गई थी गोली :** जानकारों का कहना है कि वर्ष 2016 में इसी विवाद में मुखिया प्रतिनिधि के भाई और पैक्स अध्यक्ष गगन सिंह को भी गोली मारी गई थी। गोली उनके पैर में लगी थी तथा पैर की हड्डी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस मामले में गोलंबर निवासी संतोष दुबे तथा मझरिया के सुग्रीव सिंह और राहुल कुमार को आरोपी बनाया गया था। इस घटना को भी उस पुराने विवाद से ही जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस की मानें तो परिजनों ने कुछ लोगों के नाम बताए हैं उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इस घटना के बाद गांव में गुटीय तनाव चरम पर पहुंच गया है। हिंसा प्रतिहिंसा को लेकर ग्रामीण भयजदा है।

### मामले में एक बड़े अपराधी का नाम आ रहा सामने



एसपी नीरज कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। उन्होंने कहा कि घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है। वैसे इस घटना के बाद उपजे तनाव को देखते हुए गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस दो लोगों को हिरासत में ले पूछताछ कर रही है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में एक बड़े अपराधी का नाम भी सामने आ रहा है। पुलिस उसकी जांच कर रही है। एसपी नीरज कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस ने इस हत्याकांड को चुनौती के रूप में लिया है। जल्दी ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव में पुलिस तैनात किया गया है।

## बक्सर में होगा सनातन संस्कृति समागम, भूमि पूजन संपन्न

### सात नवंबर से प्रारंभ होगा कार्यक्रम, अहिरौली के पास आयोजन

**केटी न्यूज/बक्सर**

सिद्धाश्रम भगवान राम की कर्म भूमि है। यह पुण्य भूमि है, लेकिन इसके विकास के लिए जो प्रयास होना चाहिए था। वह अब तक नहीं हुआ। इसको लेकर तरह-तरह की चचाएं होती हैं। इसका अलख जगाने के लिए बक्सर में आठ नवम्बर को सनातन संस्कृति समागम का आयोजन किया जा रहा है। शहर के अहिरौली गांव के समीप एनएच 84 से लगे भू भाग पर यह कार्यक्रम नवम्बर माह में होगा। उस दौरान पांच तरह के कार्यक्रम होंगे। जिसमें पूज्य जीयर स्वामी जी के संरक्षण में लक्ष्मी नारायण यज्ञ, राष्ट्रीय संत रामभद्राचार्य जी द्वारा रामकथा, प्रज्ञा यज्ञ, आठ लाख दीप जलाकर भगवान पराक्रमी राम का चित्र बनाना आदि शामिल है। इस कार्य का विजयादशमी के दिन भूमि पूजन कर श्रीगणेश किया गया। स्थानीय सांसद सह केन्द्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे के हाथों भूमि पूजन एवं ध्वज लगाने का कार्य हुआ।



समस्त आयोजन श्रीराम कर्म भूमि न्यास द्वारा आयोजित किया गया है। इस मौके पर शहर के अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। पंडित छविनाथ त्रिपाठी ने पूजन कार्य संपन्न कराया। आयोजन को सफल बनाने के लिए जो लोग एकत्र हुए उनमें अरुण मिश्रा, प्रदीप राय, कृष्णानंद उपाख्य छोटे सिंह, बैजनाथ प्रसाद, परशुराम चतुर्वेदी, नंद कुमार तिवारी, रजनीकांत पांडेय, विजय शंकर ओझा, राजीव मिश्रा, रणधीर ओझा, प्रमोद चौबे समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

## नाला में उतराए मिले युवक के शव से मचा हड़कंप

**केटी न्यूज/चौसा**

गुरुवार को अहले सुबह चौसा में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। उसका शव पंचायत सरकार भवन के पास स्थित नाले में जलकुंभी के बीच उतराया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मुफस्सिल थाने की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण उसकी पहचान नहीं कर सके। इसके बाद उसकी तस्वीर को आस पास के थानों में भेज पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा गया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह शौच करने गए ग्रामीणों ने नाले में एक युवक का शव देखा जिसकी उम्र लगभग 30 वर्ष के आस पास थी तथा वह काले रंग का चेकदार सर्ट व लाल रंग का ट्राउजर पहने था। शव को देख ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उसकी मौत चार-पांच दिन पहले हुई है। हालांकि उसकी मौत कोई दुर्घटना है या फिर हत्या कर शव को फेंका गया है, इसकी जानकारी भी नहीं मिल सकी है। जिस नाले में शव था उसमें बड़े पैमाने पर जलकुंभी उग आई है तथा पानी भी अधिक है। अचानक शव देख पहले तो ग्रामीण डर गए, लेकिन बाद में हिम्मत जुटा पुलिस को सूचना दी गई। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अमित कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद ही इस बात का पता चल सकेगा कि उसकी हत्या की गई है या फिर नाले में डूबने से उसकी मौत हुई है।

## एक नजर

### आज बक्सर के जमुना चौक पर होगा प्रमुख "भरत मिलाप" प्रसंग का मंचन

**बक्सर।** श्री रामलीला समिति बक्सर के तत्वावधान में रामलीला मैदान (किला) में चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के दौरान आगामी सात अक्टूबर को नगर के यमुना चौक पर रामलीला का प्रमुख कार्यक्रम "भरत मिलाप" प्रसंग का मंचन होगा। जिसमें श्रीरामचन्द्र जी का रथ कृष्णा सिनेमा रोड स्थित प्रदुमन जी के हाता के समिप से प्रस्थान होगा। और भरत जी का रथ स्थानीय मल्लाह टोली स्थित हनुमान जी के मंदिर के समीप से प्रस्थान होगा। मध्य रात्रि में जमुना चौक पर दोनों रथ आकर रुक जाएंगे और वही पर भगवान श्री राम और भरत जी के मिलन का प्रसंग मंचित होगा इस दौरान रात्रि 10 बजे से नगर के विभिन्न संस्थाओं द्वारा आकर्षक लाग एवं झांकी निकाली जाएगी जो आकर्षण के केन्द्र रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी समिति के सचिव बैकुण्ठ नाथ शर्मा एवं संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी हरिशंकर गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा भरत मिलाप कार्यक्रम की तैयारी पुरी हो चुकी है। वहीं, 07 अक्टूबर को नगर के बीचों बीच जमुना चौक पर यह कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने नगर वासियों से भगवान के रथ मार्ग में जगह जगह स्वागत करने अपील भी की। साथ ही, विभिन्न संस्थाओं व दुर्गा पांडलों से ज्यादा से ज्यादा धार्मिक एवं पौराणिक लॉग-झांकियां निकालने का आग्रह भी किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 08 अक्टूबर को रामलीला मंच पर भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक प्रसंग एवं पुरस्कार वितरण सह "सम्मान समारोह" का कार्यक्रम होगा।

### रावण वध के साथ संपन्न हुआ दशहरा मेला, चार दिन तक मेला के उमंग में डूबे रहे श्रद्धालु

**डुमरांव।** मंगलवार को विजयादशमी का त्योहार धूम धाम से मनाया गया। मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीराम ने मां दुर्गा के आशीर्वाद से रावण का वध किए थे। इसी के याद में इस दिन रावण का पुतला भी जलाया जाता है। जिला मुख्यालय समेत पूरे जिले में रावण वध का आयोजन किया गया। वहीं, नवरात्र के नौवें दिन देवी के नौंवे स्वरूप मां सिद्धदात्री की पूजा की जाती है। इस दिन नौ कन्या पूजन का विधान भी है। मान्यता है कि नौ कन्या पूजन के बाद ही नवरात्र का अनुष्ठान पूर्ण होता है। मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव के नगर पंचित मां काली आश्रम सहित कई अन्य देवी मंदिरों में नौ कन्या पूजन का आयोजन पूजा समिति द्वारा किया गया था। इसके अलावे अपने घरों में नवरात्र का अनुष्ठान करने वाले श्रद्धालु भी विधि विधान से कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराए। बता दें कि नौ कन्या पूजन में दो से दस वर्ष की कुल नौ कन्याओं की पूजा कर उन्हें भोजन कराया जाता है। इसके बाद उन्हें चुंदरी, प्रसाद तथा दक्षिणा दे विदा किया जाता है। इस बार भी यह परंपरा देखने को मिली है। मां काली आश्रम पूजा समिति के अध्यक्ष भगवान जी वर्मा ने बताया कि पूजा समिति द्वारा मंगलवार को नवमी के मौके पूजा व हवन के बाद नौ कन्या पूजन व भोज का आयोजन मंदिर प्रांगण में ही किया गया था।

### जिला प्रशासन ने पहले व दूसरे चरण का चुनाव रोकने का जारी किया नोटिफिकेशन

**बक्सर।** जिला प्रशासन ने प्रथम चरण के तहत 10 अक्टूबर को बक्सर नगर परिषद तथा चौसा व ब्रह्मपुर नगर पंचायत के लिए होने वाले मतदान को स्थगित करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। गौरतलब है कि सुनील कुमार के याचिका पर पटना हाई कोर्ट ने प्रथम व द्वितीय चरण का मतदान स्थगित कर दिया था। जिसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने भी पत्र जारी कर नगर निकाय चुनावी प्रक्रिया को तत्काल रोकने का निर्देश दिया था। इसी के बाद जिला प्रशासन ने एक नोटिफिकेशन जारी कर हाई कोर्ट व राज्य निर्वाचन आयोग के फैसले का हवाला देते हुए बताया है कि प्रथम चरण के तहत 10 अक्टूबर व द्वितीय चरण के तहत 20 अक्टूबर को होने वाले चुनाव को रोक दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा यह भी बताया गया है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तिथि घोषित किए जाने के बाद इसकी जानकारी दी जाएगी। गौरतलब है कि चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के पद पर आरक्षण रोस्टर को चैलेज करते हुए सुनील कुमार नामक व्यक्ति द्वारा पटना हाई कोर्ट में अपने अधिवक्ता के माध्यम से एक रीट याचिका दाखिल करवाई गई थी। जिस पर हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार पर आरक्षण रोस्टर में सुप्रिम कोर्ट के गाइड लाइन का पालन नहीं करने की बात कही तथा तत्काल चुनावी प्रक्रिया को स्थगित कर दिया।

### अज्ञात वाहन के धक्के से महिला जख्मी, सामाजिक कार्यकर्ता ने पहुंचाया अस्पताल

**नावानगर।** नावानगर थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव के पास एनएच 120 पर अज्ञात वाहन के धक्के से एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी महिला सड़क किनारे छटपटा रही थी। इसी दौरान युवा शक्ति के अध्यक्ष रंजन यादव उधर से गुजर रहे थे। महिला को जख्मी हालत में देख उसे उठा अपने वाहन से डुमरांव लाए तथा एक निजी अस्पताल में उसका इलाज करवाया। इस दौरान महिला के घरवालों को भी सूचना दी गई। उसकी पहचान सुनीता देवी पति मुखिया भर के रूप में की गई है। गौरतलब है कि एनएच 120 और एनएच 84 पर तेज रफ्तार वाहनों के परिचालन के कारण अक्सर सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। इस घटना के बाद लोगों में बेलगाम परिचालन के प्रति गहरा आक्रोश है।

### सिकरौल में भगवान बुद्ध का मंदिर निर्माण के लिए किया गया भूमि पूजने

**नावानगर।** डुमरांव अनुमंडल के नावानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरौल गांव में भगवान बुद्ध का मंदिर बनाया जाएगा। बुधवार को इसके लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के दौरान भगवान बुद्ध की मूर्ति रख उनकी विधिवत पूजा की गई। सोमवार से मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

## बच्चों के जन्म के तत्काल बाद ही जरूरी होता है स्वस्थ आहार पद्धति का अनुपालन

# संतुलित व उचित पोषण ही अच्छे स्वास्थ्य का आधार : एसीएमओ

- खराब पोषण से शारीरिक व मानसिक क्षमता भी होती है प्रभावित

**केटी न्यूज/बक्सर**

आज हर कोई निरोग व स्वस्थ रहना चाहता है। लेकिन, उसके लिए लोगों को अपनी दिनचर्या के साथ भोजन की थाली में भी बदलाव करना होगा। इस भागदौड़ भरे जीवन में हमें उचित व पर्याप्त पोषक तत्वों की जरूरत होती है। शरीर के आहार संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिये अच्छा पोषण या उचित आहार का सेवन बेहद जरूरी है। इसके साथ ही नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ पर्याप्त, उचित व संतुलित आहार अच्छे स्वास्थ्य





का आधार है। खराब पोषण से शरीर की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता प्रभावित होने के साथ ही हमारी शारीरिक व मानसिक क्षमता भी प्रभावित होती है। लगातार बढ़ते शहरीकरण और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का उपभोग व बदलते जीवन शैली के कारण हमारे आहार संबंधी व्यवहार में भी काफी बदलाव हुआ है। इससे लोगों में पोषण से जुड़ी कई गलत धारणाएं व अंधविश्वास भी बढती जा रही है। जो हमारे संपूर्ण शारीरिक विकास में बाधक बन रहा है।

**साबुत अनाज के सेवन का चलन तेजी से घट रहा :** एसीएमओ डॉ. अनिल भट्ट ने बताया, लोगों में अधिक ऊर्जा, वसा, शक्कर व नमक व सोडियम युक्त खाद्य पदार्थ के सेवन का चलन बढ़ रहा है। इसके विपरित पर्याप्त मात्रा में फल, सब्जी व रेशा युक्त साबुत अनाज के सेवन का चलन तेजी से घटता जा रहा है।

जो असंतुलित आहार शैली को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने बताया कि उम्र, लिंग,जीवन शैली और शारीरिक गतिविधियां, संस्कृति व स्थानीयता के कारण आहार संबंधी मामलों को लेकर जगह-जगह अंतर पाया जाता है। लेकिन स्वस्थ आहार का गठन करने वाले मूल सिद्धांत नहीं बदलते वो हमेशा एक ही होते हैं। असंतुलित आहार सेवन से आज लोग कई तरह के रोग के शिकार हो रहे हैं।

**सबसे बड़ी बाधा अपर्याप्त व असंतुलित आहार :** उचित आहार में विभिन्न खाद्य पदार्थ शामिल होते हैं। जो संपूर्ण स्वास्थ्य,जीवन शक्ति, तंदुरूस्ती व आरोग्यता के लिये जरूरी है। उचित पोषण के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा अपर्याप्त व असंतुलित आहार का सेवन है। जो कम वजन वाले बच्चों के जन्म व कुपोषण की वजह है।

स्वस्थ आहार पद्धति जीवन में जल्दी शुरू होनी चाहिये। गर्भावस्था के दौरान पोषण की कमी बाद के जीवन में आहार संबंधी चिरकालिक रोगों की वजह बन सकती है। वहीं स्तनपान बच्चों के समुचित विकास को बढ़ावा देता है।

**आहार विविधता एक महत्वपूर्ण पहलू :** डॉ. अनिल भट्ट ने बताया, लोगों को लगता है कि दैनिक आहार से उनके शरीर को पोषण संबंधी सभी जरूरतें पूरी हो रही हैं। लेकिन कुछ मामलों में ऐसा होता नहीं है। आहार विविधता एक महत्वपूर्ण पहलू है। उचित पोषाहार वाले अनाज, फल व सब्जियों की उपलब्धता भी स्थानीय स्तर पर पर्याप्त है। लेकिन जागरूकता की कमी से लोग इसका व्यवहार से परहेज करते हैं। जैसे सहजन, शलजम, चुकंदर, गाजर, पपीता सहित कई प्रकार के साग जो घर के आसपास उगते हैं, वे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं।

केशव टाइम्स
पूर्वांचल, 7 अक्टूबर 2022



भागवत गीता

जो दान कर्तव्य समझकर, बिना किसी संकोच के, किसी जरूरतमंद व्यक्ति को दिया जाए, वह सात्विक माना जाता है।



website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com



## शहर छोटी खबरें

### 15 तक विद्यालयों में पहुंचेगा किताब

**गाजीपुर।** जिले में 2269 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में पंजीकृत करीब तीन लाख छात्र-छात्राओं में से अधिकांश के बैग किताबों से खाली हैं। जबकि वर्तमान शैक्षणिक सत्र के छह महीने बीत चुका हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का किताबों को लेकर इन्तेजार खत्म नहीं हो रहा। सरकारी इंग्लिश मीडियम के स्कूलों में पुरानी हिंदी मीडियम की किताबों से पढ़ाई हो रही है। बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव ने बताया कि 15 अक्टूबर तक सभी परिषदीय विद्यालय में किताबें पहुंचा दी जाएगी। चार लाख किताबों का वितरण किया जा रहा है।

### एंबुलेंस में महिला ने दिया बच्चे को जन्म

**गाजीपुर।** गाजीपुर में एंबुलेंस के अंदर एक महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। मामला बिरनो प्रखंड के कहोतरी गांव का है। जहां पर एक गर्भवती की प्रसव पीड़ा की जानकारी पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस गर्भवती को लेकर स्वास्थ्य केंद्र लाने लगी। लेकिन रास्ते में ही गर्भवती को बहुत तेज पेट में दर्द होने लगा। गर्भवती का कहना था, वो ऐसी हालत में अस्पताल नहीं पहुंच पाएगी। जिसके बाद ज्यादा प्रसव पीड़ा बढ़ जाने के कारण एंबुलेंस के अंदर ही महिला का प्रसव कराया गया। गर्भवती ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। परिवार की महिलाओं और ईएमटी के सहयोग से एंबुलेंस के अंदर ही प्रसव कराना पड़ा। उसके बाद जच्चा और बच्चा को बिरनो स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाया गया। जहां पर नर्स रागिनी सिंह ने दोनों को देखा और स्वस्थ बताया।

### मुलायम सिंह के स्वस्थ होने की कामना को लेकर किया हवन पूजन

**बलिया।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य लाभ एवं दीघार्यु होने की मंगलकामनाओं के निमित्त प्राचीन भृगु मंदिर के हवन कुंड में विशेष हवन पूजन का आयोजन सपा नेता एवं नपा के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार निषिध श्रीवास्तव निशू के नेतृत्व किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने नेता जी के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए ईश्वर से कामनाएं की। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि अभी अभिभावक के रुप समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए उनकी मौजूदगी आवश्यक है। मंदिर में विधि विधान से हवन पंडित वीरेंद्र मिश्र, विवेक मिश्र, चन्द्र प्रकाश मिश्र व विनायक मिश्रा ने हवन पूजन सम्पन्न कराया। इस अवसर पर निषिद्ध श्रीवास्तव निशू के साथ रविन्द्र पाठक, आदर्श गुप्ता, श्रीभगवान यादव, रामजी यादव, गुप्तेश्वर चौबे, मदन यादव अजय पाल सिंह, प्रकाश पटेल आदि पूजा व हवन में शामिल रहे।

### दिव्यांशी और अनमोल ने ताइक्वांडो में जीता गोल्ड

**गाजीपुर।** बरेली में आयोजित ओपन राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गाजीपुर की दिव्यांशी सिंह ने अपना परचम लहराया है। 2 से 4 अक्टूबर तक हुई प्रतियोगिता में दिव्यांशी सिंह ने गोल्ड मेडल जीता है। वहीं दूसरे वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। अनमोल यादव ने अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। दोनों मेघबरन सिंह स्टेडियम गाजीपुर के खिलाड़ी है।

# शर्मनाक : पढ़ाई करने के बजाय एमडीएम के बर्तन धोते हैं अगरौली प्राथमिक विद्यालय के बच्चे

- बच्चों ने कहा - मेन्यू के हिसाब से नहीं मिलता एमडीएम, कभी नहीं दिए जाते फल
- मामले से जुड़ा वीडियो हो रहा है वायरल, बीसीए ने कहा- दोषियों पर होगी कार्रवाई

**तिलक कुमार/बलिया**



जब शिक्षा के मंदिर में छोटे-छोटे बच्चे शिक्षा की जगह बर्तन धोने का काम करने लगे तो ऐसे में वह कैसे शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे। ऐसा ही मामला उत्तर प्रदेश के बलिया जिले स्थित शिक्षा क्षेत्र दुबहर के दोपहिया अगरौली प्राथमिक विद्यालय से सामने आया है। जहां पर स्कूल प्रबंधन द्वारा छोटे-छोटे बच्चों से स्कूल यूनिफॉर्म में मध्याह्न भोजन के बर्तन धुलवाएं जा रहे हैं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बच्चों को ऐसा करना बिल्कुल भी ठीक नहीं लग रहा है, लेकिन स्कूल की मजबूरी में वह बर्तन धो रहे हैं। ये हाल कोई एक दिन का नहीं है। पिछले कई महीनों से बच्चों से बर्तन धुलवाए जा रहे हैं। कई बार बच्चे अभिभावकों से इसकी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन न तो स्कूल प्रबंधन और न ही शिक्षा विभाग इस ओर ध्यान दे रहा है। एक तरफ उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार जहां उत्तम शिक्षा और बेहतर सेवा की बात कर रही है, वहीं धरातल की तस्वीर उनके दावों को खोखला साबित कर रही है।

**बर्तन धुलने की जिम्मेदारी समूह के रसोइयों की:** दोपहिया अगरौली प्राथमिक विद्यालय के बच्चे मध्याह्न भोजन के बाद बर्तन भी धोते हैं। बच्चों के बर्तन धोने का यह वीडियो गुरुवार को वायरल हुआ। बता दें मध्याह्न भोजन योजना के तहत भोजन कराने व बर्तन धुलवाने की जिम्मेदारी समूह की होती है। जिसमें समूह की रसोइयों द्वारा मध्याह्न भोजन से संबंधित सभी बर्तनों को धोया जाता है। दूसरी ओर, स्कूली बच्चों के पढ़ाई सहित समस्त देखरेख की जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की होती है। इसके बावजूद इस स्कूल में बच्चों से बर्तन धुलवाने का काम करवाया जा रहा है। यहां पर दोपहर के भोजन करने के बाद छोटे बच्चों से बर्तन साफ करवाए जाते है।

### मेन्यू के हिसाब से नहीं दिया जाता है एमडीएम

दोपहिया अगरौली प्राथमिक विद्यालय में मेन्यू के हिसाब से बच्चों को भोजन नहीं दिया जाता। अपनी मर्जी अनुसार विद्यालय बच्चों को भोजन उपलब्ध करवाता हैं। विद्यालय का मेन्यू बोर्ड अब केवल दीवारों की शोभा बनाने का काम कर रही है। वायरल वीडियो में स्कूली बच्चों ने बताया है कि प्रबंधन के द्वारा उन्हें रोजाना बर्तन धोने को मजबूर किया जाता है। वहीं, बच्चों ने भोजन में फल वितरण नहीं किए जाने की बात कही है। ऐसे में बच्चों को पौष्टि भोजन और फल आदि देने की इय योजना की राशि की बंदरबांट साफ दिखाई दे रही है। विभाग को इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। जब मामले से संबंधित वायरल वीडियो बीएसए मनीराम सिंह को दिखाया गया, तो उन्होंने मामले में जांच कर उचित कार्रवाई करने की बात कही। अब देखना यह है कि विभागीय अधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं।

# महायज्ञ से लोगों के दुखों का होगा अंत, बढ़ेगी समृद्धि : डिप्टी सीएम

- जीयर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास व्रत में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री
- मंडप में पूजा के दौरान यज्ञ स्थल पर दीप जलाकर की पूजा अर्चना

**केटी न्यूज/बलिया**



महायज्ञ में शामिल डिप्टी सीएम व अन्य



पुजा अर्चना करते डिप्टी सीएम

बलिया में चल रहे पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास व्रत अब सबाब पर है। पांच अक्टूबर को वहां लक्ष्मीनारायण महायज्ञ प्रारंभ हो गया है। चार अक्टूबर को ही जल यात्रा का कार्य संपन्न हो गया था। इस मौके पर स्वामी का दर्शन करने के लिए यूपी और बिहार के श्रद्धालु भक्त व सम्मानित जन पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को वहां उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पहुंचे। उनके साथ बलिया से राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, स्थानीय विधायक सह परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह समेत अन्य लोगों ने स्वामी जी से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दूर-दूर से संत, महात्मा व श्रद्धालु पूरे दिन पहुंच रहे हैं। इस वजह से बलिया शहर पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में सराबोर है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री पाठक ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि मैं इस यज्ञ के प्रणेता लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, जिनके प्रयास से भृगु क्षेत्र के गंगा तट पर विशाल आध्यात्मिक आयोजन हो रहा है। इस आयोजन से यहां के जनता के दुःखों. का निवारण तो होगा ही साथ ही सुख संपत्ति में समृद्धि भी होगी। जीयर स्वामी द्वारा चलाए जा रहे संस्कृत स्कूली अभियान को उत्तर प्रदेश सरकार हर संभव मदद करेगी। उपमुख्यमंत्री ने राज्यसभा सांसद नीरज शेखर एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निमंत्रण पर इतने बड़े आध्यात्मिक महायज्ञ में आने का सुअवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने जीयर स्वामी से उनके प्रवास स्थल पर बातचीत भी की। उन्होंने यज्ञ मंडप में पूजा के दौरान यज्ञ स्थल पर पहुंचकर दीप जलाकर पूजा अर्चना की। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश साहू, विधायिका केतकी सिंह, पूर्व विधायक भगवान पाठक, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, चंद्र प्रकाश पाठक, सुनील सिंह, विमल पाठक, विनोद पाठक, गोविंद पाठक, आदर्श पाठक, घनश्याम पांडे कमलेश पांडे, रमेश पांडे, अमित दुबे, पंडित अश्वनी कुमार उपाध्याय, कमलेश सिंह, ब्रजेश पाठक, अनिल तिवारी, शशिकांत सिंह, पप्पू सिंह, मनीष पाठक, धनीष पाठक आदि ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया।

## एक नजर

### टीवी बना रहे युवक की करंट लगने से मौत



**गाजीपुर।** गुरुवार को करंट की चपेट में आने से एक युवक बुरी तरह झुलस गया। आनन-फानन में घायल युवक के परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां जांच करने के बाद डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना सैदपुर के पिपनार गांव का है। जहां पीयूष राजभर (22) घर में लगे टीवी के विद्युत कनेक्शन को ठीक कर रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। कुछ देर बाद जब परिजनों की नजर पीयूष के शिथिल शरीर पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने पीयूष को विद्युत केबल से अलग किया। इसके बाद परिजन उसे दो पहिया वाहन के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मां कमला देवी बार बार बेहोश हो जा रही हैं।

### सैदपुर में डेंगू का प्रकोप, महिला की गई जान

**गाजीपुर।** सैदपुर में फैले जानलेवा डेंगू प्रकोप के जानलेवा दुष्परिणाम अब नजर आने लगे हैं। बीते दिनों डेंगू के लक्षणों से मिलते जुलते लक्षणों से पीड़ित एक नगर निवासी महिला की घर में इलाज के दौरान मौत के बाद, गुरुवार के दिन ऐसे ही लक्षणों जैसे मिलते जुलते लक्षणों से पीड़ित दो और महिलाओं की मौत हो गई। जिससे दोनों के परिवार में मातम छा गया। दो हफ्ते पहले तक स्वस्थ महिलाओं की मौत देखकर, परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बताया जाता है कि सैदपुर नगर के वार्ड संख्या 7 मोतीलाल नगर जौहरगंज निवासी शकुंतला 45 पत्नी राजू चौधरी बीते 1 सप्ताह से तेज बुखार, सर, कमर, पैरों में भीषण दर्द और उल्टी की समस्या से पीड़ित थी। ब्लड की जांच में महिला का प्लेटलेट्स भी कम पाया गया। महिला का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा था। गुरुवार की भोर में अचानक महिला की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते महिला ने दम तोड़ दिया। जिसकी पुष्टि परिजनों ने एक निजी चिकित्सक से कराई। महिला की मौत के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। शकुंतला की मौत से आहत उसके पुत्र मिथुन रवि और राजा बाबू के आंसू रोके नहीं रुक रहे हैं। महिला का अंतिम संस्कार जौहरगंज स्थित श्मशान घाट पर किया गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता, पिता ने दर्ज कराई प्राथमिकी



**बलिया।** जिले के रेवती कस्बा के वार्ड नंबर 5 में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला लापता हो गई है। जिसके बाद मचा हड़कंप मचा हुआ है। घटना के बाद महिला की काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका पता नहीं चला। बताया जाता है कि बीते एक अक्टूबर को महिला ने अपना वीडियो बनाया था। जिसमें उसने आपबीती सुनाई थी, जिसके बाद वो चली गई। लापता महिला ने अपने विडियो में कहा कि वो बहुत ज्यादा परेशान हो गई है। रोज-रोज गाली गलौज व मारपीट मुझसे बर्दाश्त नहीं हो रहा है। जिसके कारण वह घर छोड़कर जा रही हूं। 15 माह पहले महिला का शादी उसी मोहले के निवासी मनसब नाम के लड़के से हुआ था। जिसके बाद आए दिन बराबर झगड़ा-झंझट मारपीट होता था। बात जब जरूरत से ज्यादा बढ़ा तो। पीड़ित महिला ने आपबीती घटना का एक वीडियो बनाकर घर छोड़कर चली गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। जिसके बाद महिला के माता- पिता ने थाना में गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराया। लापता महिला के पिता ने उसके ससुराल वालों पर गम्भीर आरोप लगाते हुए हत्या का आशंका जताई है। मामले में महिला के पिता ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## धूमधाम से मनायी गई गोंडवाना की वीरांगना महारानी दुर्गावती जी की 499वीं जयंती

**केटी न्यूज/बलिया**



विधानसभा क्षेत्र फेफाना अंतर्गत बनरही स्थित गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला कैंप कार्यालय में बीते दिन गोंडवाना की वीरांगना महारानी दुर्गावती जी का 499वीं जयंती समारोह पूरे उत्साह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान वीरांगना महारानी दुर्गावती के चित्र पर फूल-माला, श्रद्धा-सुमन अर्पित कर महारानी दुर्गावती दुर्गावती अमर रहने के नारे लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष सुमेर गोंड तथा संचालन गोंडी धमार्चार्य सुदेश कुमार मंडावी ने किया। विषय प्रवर्तन वरिष्ठ नेता सूचित गोंड जी ने करते हुए उपस्थित जनसमुदाय से गांव-गांव में घर-घर में महारानी दुर्गावती जयंती समारोह मनाए जाने का आह्वान किया। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तहसील अध्यक्ष संजय गोंड ने कहा कि वीरांगना महारानी दुर्गावती जी का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को महोबा में चंदेल वंशीय राजा कीर्ति सिंह के घर में हुआ था। अस्त्र-शस्त्र युध्द कला में निपुण शिक्षा लेने के पश्चात युवा अवस्था में वीरांगना दुर्गावती का विवाह गोंडवाना के राजा दलपति शाह के साथ हुआ था। राजकुमार वीर नारायण के जन्म के चार साल बाद ही राजा दलपति शाह की असमय मृत्यु हो गयी। महारानी दुर्गावती ने हिम्मत का परिचय देते हुए चार वर्षीय कुंवर वीरनारायण को राजगद्दी पर बिठा कर खुद संरक्षिका बन गोंडवाना के शासन की बागडोर अपने हाथ में लेकर कुशल जनहितैसी कार्य किए। उनके शासन काल में गोंडवाना राज्य में सोने के सिक्के चला करते थे। इसलिए वीरांगना महारानी दुर्गावती का शासन काल गोंडवाना का स्वर्ण काल कहा जाता है! गोंडवाना का वैभव देखकर मुगलों की कुदृष्टि गोंडवाना राज्य की तरफ पड़ा। वीरांगना महारानी दुर्गावती ने गोंडवाना की आदिवासी सेना के साथ मुगल सेना को तीन बार पराजीत किया था। चौथी बार धोखे से घिर गयीं, युद्ध के दौरान जहरीला तीर आंख में लग गया। दुश्मन से घिरा देख अपनी ही कटार अपने सिने में घोंप कर गोंडवाना की आन, मान, शान, स्वाभिमान की रक्षा करते हुए जबलपुर में 24 जून 1564 को वीरगति को प्राप्त हुईं।

## सत्य, अहिंसा, त्याग और परोपकार ही सनातन धर्म के मूल मंत्र : जीयर स्वामी

**केटी न्यूज/बलिया**



जगत में सनातन धर्म के सदृश कोई दूसरा धर्म नहीं है। यह धर्म सृष्टि के आदिकाल से है। सनातन धर्म के सूत्र से ही अनेक धर्म स्थापित हुए। जिनका इतिहास काफी बाद का है। सत्य, अहिंसा, त्याग और परोपकार सनातन धर्म के मूल मंत्र हैं। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने बलिया चातुर्मास्य ज्ञान यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं। जीयर स्वामी ने कहा कि सनातन धर्म में आदि काल से ही सृष्टि के कल्याणार्थ यज्ञ का प्रचलन और परम्परा है। यज्ञ से पर्यावरण शुद्धि के साथ ही मानव मन के विकार दूर होते हैं। यह आध्यात्मिक और व्यावहारिक उत्थान का उत्तम सावन है। उन्होंने कहा कि यज्ञ पर कुछ वैसे लोग ही कटाक्ष करते हैं जो अपना साधन और श्रम यज्ञ में नहीं लगाते। ऐसे लोग अपने को अति बौद्धिक और सामाजिक साबित करने के लिए यज्ञ पर होने वाले खर्च पर चिंता जताते हैं लेकिन वे यज्ञ के पूर्व और पश्चात समाज के विकास के प्रति तटस्थ रहते हैं। ऐसे लोग अपने आस-पास जनहित की राशि से होने वाले विकास कार्य पर कई कारणों से चुप्पी साध लेते हैं, लेकिन अपने ही धर्म की सनातन परंपरा और उससे जुड़े श्रेष्ठ जनो पर आरोप लगाने से नहीं चुकते। अन्य धर्मों की खामियों पर चुपी साध धर्म-निरपेक्ष बन जाते हैं। सम्प्रति सनातन धर्म की की आलोचना ही धर्मनिरपेक्षता की पहचान हो गयी है।

## बाबा रामदल सूरजदेव हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के उद्घाटन समारोह में बोले ब्रजेश पाठक

# गरीब जनता का इलाज ही अस्पताल का मूल उद्देश्य: डिप्टी सीएम

**केटी न्यूज/बलिया**



उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर बनाने का उद्देश्य और सोच यही होनी चाहिए कि गरीब जनता की कैसे मदद की जाए। यह ग्रामीणांचल में लोगों की सेवा करने के साथ पुनीत कार्य भी होगा। रसड़ा क्षेत्र के पटना गांव में बुधवार को बाबा रामदल सूरजदेव हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यहां आने को लेकर मौसम से जुड़ी तमाम विषम परिस्थिति आने के बावजूद आने का निर्णय किया। कहा कि बाबा रामदल सूरजदेव ग्रुप रसड़ा व आसपास के क्षेत्रों के बच्चों को पैरामेडिकल व स्नातक की पढ़ाई के लिए शिक्षा का मुख्य केंद्र है, इसके लिए संस्थान परिवार बधाई के पात्र हैं।

**गरीब परिवार को समय से भोजन भी सुनिश्चित कराया गया :** डिप्टी सीएम ने कहा कि कोरोनाकाल में जिस तरह स्वास्थ्य महकमे ने काम किया। पूरे विश्व में भारत और खासकर यूपी उदाहरण बना। गरीब परिवार को राशन देकर उनको समय से भोजन भी सुनिश्चित कराया गया। हमारी सरकार की सोच हमेशा से गरीब व जरूरतमंदों की सेवा रही है। डिप्टी सीएम पाठक ने कहा कि सीएचसी-पीएचसी में आने वाले प्रतिदिन के आंकड़े को देखा जाए तो 1.6 लाख से 1.80 हजार मरीज आते हैं। इसमें 10 से 12 हजार दुर्घटना का शिकार मरीज आते हैं। प्रदेश की जनता से अपील की है कि ट्रैक्टर ट्राली पर यात्रा कत्तई न करें। आठ हजार मरीज गम्भीर रोग से ग्रसित ,आते हैं। पांच हजार ऑपरेशन रोजाना निःशुल्क हो रहा है। सभी मरीजों को उच्च कोटि का इलाज निःशुल्क कराने की जिम्मेदारी हमारी है और उसका निर्वहन बखूबी सरकार रही है।

**बहन-बेटी आज सुरक्षित महसूस कर रही हैं :** प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज गुंडे माफिया या तो प्रदेश के बाहर हैं या जेल में हैं। एंटी रोमियो के जरिए मनचलों पर भी कार्रवाई की जा रही है। नतीजा हमारी बहन-बेटी आज सुरक्षित महसूस कर रही हैं। अंत में उन्होंने जबको भरोसा दिलाया कि मैं आपका भाई हहूँ, बेटा हूँ, जब भी किसी मुसीबत में याद करेंगे, सहयोग के लिए ततपर रहूंगा। अतिथि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने भी समारोह को सम्बोधित किया। मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मान किया गया। इसके बाद उन्होंने विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सरस्वती पूजन कर और फीट काटकर कालेज का उद्घाटन किया। कालेज की ओर से 51 किग्रा के माला से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कालेज की ओर से शिवेंद्र बहादुर सिंह ने सभी अतिथियों व मौजूद लोगों के प्रति आभार जताया। संचालन सुभासपा प्रवक्ता सुनील सिंह ने किया।